प्रादेशिक समाचार
27.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

झारखंड समेत देशभर में आज भगवान जगन्नाथ की प्रसिद्ध रथ यात्रा निकाली जा रही है। ओडिसा के पुरी में लाखों भक्त इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में एकत्र हुए हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के अवसर पर सभी नागरिकों को शुभकामनाएं दी हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी सभी देशवासियों को इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी राज्यवासियों को इस ऐतिहासिक और आध्यात्मिक पर्व की बधाई दी है।

**********************

इधर, राजधानी रांची में आज महाप्रभु जगन्नाथ की भव्य और ऐतिहासिक रथयात्रा निकाली जाएगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रभु का रथ खींचने जगन्नाथपुर मंदिर पहुंच रहे हैं।

पाकुड़ जिले में भी रथ यात्रा के अवसर पर हजारों श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र की पूजा अर्चना और रथ यात्रा में शामिल हुए। रथ यात्रा के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

इधर, गुमला जिले में भी महाप्रभु जगन्नाथ रथयात्रा के अवसर पर सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। बारिश रुकने के बाद भक्तों की लंबी कतारें लगीं और मेले में लोगों ने जमकर खरीदारी की।

वहीं, धनबाद जिले में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शामिल हुए। इस्कॉन धनबाद द्वारा आयोजित रथ यात्रा के दौरान पूरे शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला।

**********************

नीति आयोग की मार्च 2025 की डेल्टा रैंकिंग में चतरा जिले ने देश के 112 आकांक्षी जिलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। रैंकिंग में चतरा जिले के स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, कृषि, वित्तीय समावेशन और बुनियादी ढांचे के विकास को सराहा गया है। इस उपलब्धि के लिए चतरा जिले को 10 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि भी प्रदान की जाएगी। उपायुक्त कीर्ति श्री ने जिले की इस सफलता को गर्व का विषय बताते हुए इसे सतत प्रयासों का परिणाम कहा है।

**********************

झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी ने संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलर और सोशलिस्ट शब्द हटाने की मांग का कड़ा विरोध किया है। जमशेदपुर में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि ये शब्द संविधान की आत्मा हैं और इन्हें हटाने की मांग अस्वीकार्य है। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले द्वारा की गई इस मांग की झामुमो ने कड़ी निंदा की है।

**********************

चतरा जिले में युवाओं को विभिन्न खेल गतिविधियों के जरीये मादक पदार्थों के हानिकारक प्रभावों और नशे की लत से छुटकारा दिलाने को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

**********************

चतरा में डीएफओ मुकेश कुमार के नेतृत्व में वन विभाग ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कोयला लदे 10 वाहनों को जब्त किया है। कार्रवाई के दौरान छह वाहन चालक फरार हो गए।

**********************

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने आसनसोल और पटना के बीच अनारक्षित स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 11 जुलाई से 9 अगस्त तक सप्ताह में पांच दिन चलेगी और कांवड़ियों और तीर्थयात्रियों को देवघर यात्रा में सुविधा देगी। ट्रेन दोनों दिशाओं में चित्तरंजन, मधुपुर और जसीडीह स्टेशनों पर भी रुकेगी।

**********************

मौसम विभाग ने राज्य में अगले कुछ दिनों तक अधिकांश जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना जताई है। कुछ स्थानों पर वज्रपात के साथ भारी बारिश और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी चेतावनी दी गई है। मौसम विभाग ने लोगों से सतर्क रहने और सुरक्षित स्थानों में रहने की अपील की है।

********समाप्त**************